बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

Bihar State Power Transmission Company Limited

(निबंधित कार्यालयः–विद्युत भवन, बेली रोड, पटना)

(Regd. Office: Vidyut Bhawan, Bailey Road, Patna)

CIN-U74110BR2012SGC018889

Website:www.bsptcl.bih.inc.in

DEPARTMENT OF HR & ADMINISTRATION

संकल्प सं० – 340 / पटना, दिनांक 08/02/2023 /

T-II/Allegation-AE(C)/08/2021

श्री मनीष कुमार (E13109), तदेन सहायक अभियंता (असैनिक), संचरण असैनिक प्रमण्डल, किशनगंज सम्प्रति निलंबित, मुख्यालय संचरण अंचल, डेहरी–ऑन–सोन के विरूद्ध अपने पत्नी श्रीमती पूजा प्रीति के साथ दुर्व्यवहार, कर्तव्य की अवहेलना एवं घोर कदाचार के प्रथम द्रष्टाया प्रमाणित आरोपों के लिए संकल्प संख्या–1689 दिनांक–24.09.2021 के साथ संलग्न आरोप पत्र में उल्लेखित आरोप पर श्री मनीष कुमार, तदेन सहायक अभियंता (असैनिक), संचरण असैनिक प्रमण्डल, किशनगंज सम्प्रति निलंबित, मुख्यालय संचरण अंचल, डेहरी–ऑन–सोन के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी। उक्त विभागीय कार्यवाही में श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह, सेवानिवृत विशेष सचिव, बिहार सरकार–सह–सूचीबद्ध, जाँच पदाधिकारी को जाँच पदाधिकारी नामित किया गया।

जाँच पदाधिकारी द्वारा विभागीय कार्यवाही में जाँच प्रक्रिया पूर्ण कर अपने पत्रांक–70 दिनांक–03.03.2022 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन इस कार्यालय को समर्पित किया गया। उक्त जाँच प्रतिवेदन में जाँच पदाधिकारी द्वारा श्री कुमार के विरूद्ध लगाये गये तीनों आरोपों को प्रमाणित पाया गया।

तदुपरांत जाँच पदाधिकारी द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन एवं अन्य सुसंगत अभिलेखों की विस्तृत समीक्षा की गयी एवं समीक्षोपरांत जाँच पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन से सहमत होते हुए श्री कुमार से उक्त प्रमाणित आरोपों के लिए संकल्प संख्या–995 दिनांक–19.04.2022 द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा की गयी।

श्री कुमार ने उपरोक्त द्वितीय कारण पृच्छा का जवाब अपने पत्र दिनांक–04.05.2022 द्वारा इस कार्यालय को समर्पित किया।

जाँच पदाधिकारी द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन, आरोपी श्री कुमार द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा का जवाब एवं संचिका में उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर मामले की सम्यक समीक्षा की गयी एवं समीक्षोपरांत सक्षम प्राधिकार द्वारा श्री कुमार द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा का जवाब संतोषप्रद नही पाया गया एवं श्री कुमार को एक वार्षिक वृद्धि असंचयात्मक प्रभाव से रोकते हुए ''निन्दन'' की शास्ति का दण्ड दिये जाने और निलंबन अवधि का विनियमन इनके विरूद्ध विचाराधीन थाना कांड संख्या–192/2021 के फलाफल से प्रभावित होने के आधार पर निर्णय लिये जाने का निर्णय लिया गया है।

तदनुसार,

(i) श्री कुमार को एक वार्षिक वृद्धि असंचयात्मक प्रभाव से रोकते हुए ''निन्दन'' की शास्ति भी दी जाती है।

(ii) निलंबन अवधि का विनियमन इनके विरूद्ध विचाराधीन थाना कांड संख्या–192/2021 दिनांक–24.04.2021 के फलाफल से प्रभावित होगा।

आदेश– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति श्री मनीष कुमार, तदेन सहायक अभियंता (असैनिक), संचरण असैनिक प्रमण्डल, किशनगंज सम्प्रति निलंबित, मुख्यालय संचरण अंचल, डेहरी–ऑन–सोन को भेज दी जाय।

आदेशानुसार,

ह0/–

(राजीव कुमार सिंह)

उप सचिव

(कृ०पृ०उ०)

ज्ञापांक – _______________/ पटना, दिनांक– _______________/

प्रतिलिपि–अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी/प्रधान आप्त सचिव/निदेशक (मानव संसाधन) के प्रधान आप्त सचिव, बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड, पटना/ प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, पटना/प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, पटना/प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड/ प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–

(राजीव कुमार सिंह)
उप सचिव

ज्ञापांक – 341 / पटना, दिनांक– 08/02/2023/

प्रतिलिपि–निदेशक (परिचालन)/निदेशक (परियोजना)/सभी मुख्य अभियंता/ मुख्य अभियंता, (असैनिक), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना/महाप्रबंधक (मा0 सं0/प्रशा0)/ महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, संचरण जोन, पटना/मुजफ्फरपुर/भागलपुर/महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/सभी अधीक्षण अभियंता (असैनिक), संचरण असैनिक अंचल/उपमहाप्रबंधक (मा0 सं0/प्रशा0)/उपमहाप्रबंधक (कार्मिक)/उप सचिव/सभी कार्यपालक अभियंता (असैनिक), संचरण असैनिक, प्रमण्डल/डी0 बी0 ए0/सभी अवर सचिव/सभी वरीय प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/सभी सहायक विद्युत अभियंता, ग्रिड उपकेन्द्र/ सभी प्रशासी पदाधिकारी/सभी लेखा पदाधिकारी/लेखा पदाधिकारी (स्थापना)/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/श्री मनीष कुमार, तदेन सहायक अभियंता (असैनिक), संचरण असैनिक प्रमण्डल, किशनगंज सम्प्रति निलंबित, मुख्यालय संचरण अंचल, डेहरी–ऑन–सोन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. डाटा बेस एडमिनिस्ट्रेटर, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना से अनुरोध है कि इसकी प्रति कम्पनी के बेवसाईट पर अपलोड करवाने की कृपा करेंगें।

08-02-23

(राजीव कुमार सिंह)
उप सचिव

8/2/23